# भारत सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद उन्नाव में प्रस्तावित कार्यों हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा जनपद हेतु नामित इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सियों (आई.एस.ए.) को क्लस्टर आवंटन हेतु दिनांक 19.06.2021 को आहूत "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति की द्वितीय बैठक का कार्यवृत्त

## उपस्थिति

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | जिलाधिकारी, उन्नाव। | - | अध्यक्ष |
| 2. | मुख्य विकास अधिकारी, उन्नाव। | - | सदस्य |
| 3. | जिला विकास अधिकारी, उन्नाव। | - | सदस्य |
| 4. | प्रभागीय वनाधिकारी, उन्नाव। | - | सदस्य |
| 5. | मुख्य चिकित्साधिकारी, उन्नाव। | - | सदस्य |
| 6. | जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, उन्नाव। | - | सदस्य |
| 7. | अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई एवं जल संसाधन, उन्नाव। | - | सदस्य |
| 8. | अधिशासी अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग, लखनऊ। | - | सदस्य |
| 9. | जिला कृषि अधिकारी, उन्नाव। | - | सदस्य |
| 10. | जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, उन्नाव। | - | सदस्य |
| 11. | अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, उन्नाव। | - | सदस्य सचिव |
| 12. | जनपद हेतु नामित समस्त इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई.एस.ए.) के प्रतिनिधि। | - | आई.एस.ए. |

भारत सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन- 'हर घर जल' उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग एवं सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित किये जाने हेतु सहयोगी संस्थाओं/ अन्य सेवी संस्थाओं का इम्पैनलमेन्ट किया गया है। जिसके कम में जनपद उन्नाव हेतु 05 "इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी" (आई.एस.ए.) का राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उ0प्र0 द्वारा चयन किया गया है। जनपद हेतु सूचीबद्ध इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेंसियों को शासनादेश सं0- 95/छिहत्तर-1-2020-20 स्वजल/2010 टी.सी.-अ दिनांक 21.01.2020 के द्वारा गठित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति के माध्यम से 40-40 ग्राम पंचायतों का क्लस्टर आवंटित किया जाना है, जिसके परिप्रेक्ष्य में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति की द्वितीय बैठक आज दिनांक 19.06.2021 को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई है।

अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के पत्र सं0- 2305/डब्ल्यू.-22/एन.आई.टी./2020-21 दिनांक 21.01.2021 के द्वारा जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 83 नग पूर्व निर्मित पाइप पेयजल योजनाओं जिनका पुनर्गठन किया जाना है तथा 103 गुणता प्रभावित बस्तियों की सूची पूर्व में उपलब्ध करायी गयी थी, जिसमें कुल 527 ग्राम पंचायतें सम्मिलित थीं, इन ग्राम पंचायतों में पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के पुनर्गठन से सम्बन्धित कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा नामित कार्यदायी एजेन्सी मेसर्स एन.सी.सी. लिमिटेड, हैदराबाद द्वारा कराये जाने हैं। इन योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग एवं सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित किये जाने हेतु इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सियों (आई.एस.ए.) के मध्य 40-40 ग्राम पंचायतों का क्लस्टर बनाकर आवंटित किया जाना है, जिनका विवरण निम्न तालिका में दर्शाया गया है:-

| क्र0सं0 | इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेंसी का नाम | कैटेगरी | क्लस्टर | ग्राम पंचायतों की संख्या | सम्बन्धित विकास खण्ड |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दु मुस्लिम एकता एवं कल्याण समिति, 82/75/क, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लालकुंआ, लखनऊ। | A | क्लस्टर-1 | 40 | असोहा एवं पुरवा |
| | | | क्लस्टर-2 | 40 | पुरवा एवं नवाबगंज |
| | | | क्लस्टर-3 | 43 | नवाबगंज |
| | | | योग | 123 | |



Scanned with CamScanner

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | नवचेतना विकास समिति, बी-76, नेहरू विहार, कल्यानपुर, विकास नगर, लखनऊ | B | क्लस्टर-4 | 40 | बांगरमऊ, फतेहपुर-84 एवं गंजमुरादाबाद |
| | | | क्लस्टर-5 | 40 | गंजमुरादाबाद एवं सिकन्दरपुर कर्ण |
| | | | क्लस्टर-6 | 31 | सिकन्दरपुर सिरोसी |
| | | | योग | 111 | |
| 3 | जनहित सेवा एवं शोध संस्थान, 277, विकास नगर, जेल रोड, पी.ओ. कादीपुर, प्रतापगढ़। | B | क्लस्टर-7 | 40 | बिछिया एवं मियागंज |
| | | | क्लस्टर-8 | 40 | सफीपुर एवं मियागंज |
| | | | क्लस्टर-9 | 13 | मियागंज |
| | | | योग | 93 | |
| 4 | एक्शन फार रूरल डेवलपमेन्ट, 154-ए, जफरा बाजार, गोरखपुर | B | क्लस्टर-10 | 40 | हिलौली एवं सुमेरपुर |
| | | | क्लस्टर-11 | 40 | सुमेरपुर |
| | | | क्लस्टर-12 | 45 | बीघापुर |
| | | | योग | 125 | |
| 5 | बैसवारा शिक्षित बेरोजगार वेलफेयर एसोसिएशन, बी-957, आवास विकास कालोनी, उन्नाव। | C | क्लस्टर-13 | 38 | औरास |
| | | | क्लस्टर-14 | 37 | हसनगंज |
| | | | योग | 75 | |
| | | | कुल योग | 527 | |

इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेंसियों द्वारा जल जीवन मिशन की दिशा-निर्देशिका के अनुसार ग्राम पंचायतों के अन्दर आधारभूत संरचना लागत का अंशदान दिये जाने हेतु कम से कम 80 प्रतिशत परिवारों की सहमति प्राप्त किया जाना एवं समस्त ग्राम पंचायतों की ग्राम कार्य योजना (Village Action Plan) तैयार कराते हुये जनपद कार्ययोजना (District Action Plan) तैयार किया जाना प्रस्तावित है तथा राज्य स्वच्छता एवं पेयजल मिशन द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुसार इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेंसी की आर.एफ.पी. के अनुसार निम्न कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

1. ग्राम पंचायत की उप-समिति अर्थात् वी.डब्ल्यू.एस.पी./पानी समिति/प्रयोक्ता समूह आदि का गठन सुगम बनाना और इसके कार्यकर्ताओं के क्षमता का संवर्धन की व्यवस्था करना।
2. ग्राम पंचायत की उप-समिति हेतु निर्धारित सभी कार्यो, जिनमें अन्य के साथ-साथ बैंक खाते खोलना, सामुदायिक अंशदान जुटाना, संचालन एवं रख-रखाव की व्यवस्था करना, ग्रामसभा की बैठक का आयोजन करना, उप-समिति की बैठकें आयोजित करना, ग्रामसभा में संकल्प पारित किया जाना और ग्राम योजना की स्वीकृति देना, स्वच्छता और ग्रे-वाटर प्रबन्धन गतिविधियों आदि को सुगम बनाना आदि शामिल हैं, में ग्राम पंचायत और/ या इसकी उप-समिति अर्थात् वी.डब्ल्यू.एस.पी./पानी समिति/प्रयोक्ता समूह आदि को सहायता देना।
3. फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन (एफ.एच.टी.सी.) की आवश्यकता का मूल्यांकन करना और एफ.एच.टी.सी. प्राप्त करने के लिये समुदाय को प्रेरित करना।
4. डी.डब्ल्यू.एस.पी. और वी.डब्ल्यू.एस.पी. के बीच समन्वय मंच के रूप में कार्य करना।
5. समुदायिक जागृति हेतु सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन (पी.आर.ए.) उपकरणों का उपयोग करना और आवश्यकता का मूल्यांकन करना।
6. भारत सरकार/ राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए जल अभियानों में समुदाय की सहायता करना।
7. जल के विभिन्न पहलुओं जैसे वर्षा जल संचयन, कृत्रिम पुनर्भरण, जल गुणवत्ता, जल जनित बीमारियों, जल की बचत, जल का रख-रखाव, पेयजल के स्त्रोत में वृद्धि/ स्थायित्व के पहलुओं आदि के बारे में जागरूकता पैदा करना।
8. गावों में प्राप्त होने वाली सफलता की कहानियों का प्रलेखन करना और उन्हें अपलोड करना।
9. गांवों में उचित स्थानों में दीवारों पर चित्रकारी सुनिश्चित करना।
10. सामाजिक व्यवहारगत परिवर्तन संचार (एस.बी.सी.सी.) कार्यविधियां चलाना।

..................3/-

Scanned with CamScanner

Scanned with OKEN Scanner

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से जनपद उन्नाव हेतु सूचीबद्ध इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेंसियों (आई.एस.ए.) के मध्य उपरोक्त तालिका के अनुसार 40-40 ग्राम पंचायतो का क्लस्टर आवंटित करने की सहमति प्रदान की गयी

19/6/21 19/6/2021

अधिशासी अभियन्ता/ सदस्य सचिव
निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम,
उन्नाव।

जिला कृषि अधिकारी/सदस्य
उन्नाव।

जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी/ सदस्य
उन्नाव।

19.6.2021

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी/सदस्य
उन्नाव।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य
भूगर्भ जल विभाग,
लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य
सिंचाई एवं जल संसाधन,
उन्नाव।

प्रभागीय वनाधिकारी/सदस्य
उन्नाव।

मुख्य चिकित्साधिकारी/सदस्य
उन्नाव।

जिला विकास अधिकारी/सदस्य
उन्नाव।

मुख्य विकास अधिकारी/ सदस्य
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
उन्नाव।

जिलाधिकारी/ अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
उन्नाव।

# कार्यालय जिलाधिकारी, उन्नाव

पत्रांकः- 1531 / W-S-103 / 119 दिनांक :23/06/2021

प्रतिलिपि :-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. अधिशासी निदेशक, राज्य स्वच्छता एवं पेयजल मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 जल निगम कम्पाउन्ड, 6- राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, तृतीय मण्डल, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी, उन्नाव।
5. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, उन्नाव।
6. परियोजना प्रबन्धक (प्रथम), निर्माण इकाई, उ0प्र0 जल निगम, उन्नाव।
7. जनपद हेतु नामित समस्त इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई.एस.ए.) को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि राज्य स्वच्छता एवं पेयजल मिशन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी/ अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
उन्नाव।

Scanned with OKEN Scanner